Title : h Need to extend construction of National Highway from Lalsot to Sheopur (Madhya Pradesh) *via* Sawai Madhopur (Rajasthan).h

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : सभापति महोदय, राजस्थान में सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में लाल पत्थर जो ईंतिहास प्रसिद्ध इमारतों में लगा हुआ है, निकलता है। लाल पत्थर खनन एरिया में डाकुओं की समस्या लगातार जन-जीवन को प्रभावित करती रहती है। इनके उन्मूलन का एक मात्र हल है यैंतायैंत को सुगम बनाना। सड़क परिवहन मंत्रालय दौसा से लालसोट तक नेशनल हाईवे बनाने जा रहा है। यदि इस नेशनल हाईवे का विस्तार लालसोट से सवाई माधोपुर और श्योपुर तक कर दिया जाए तो इससे राजस्थान तथा मध्य प्रदेश दो राज्यों को जोड़ा जा सकता है। इस सड़क मार्ग पर चम्बल, बनास एवं मोरेल जैसी बड़ी नदियों पर पिद्वले पांच र्वा से पुल बनकर यैंतायैंत को सुलभ किया है। लालसोट से श्योपुर मात्र 120 किलोमीटर दूर है। इसके बनने से दिल्ली-जयपुर इस मार्ग से वी.टी. रोड से जुड़कर मुम्बई, आगरा रोड तक सुलभ हो जायेगा। डाकू प्रभावित क्षेत्र राजस्थान तथा मध्य प्रदेश की जैंनता को भी सुरक्षा मिलेगी, साथ ही कीमती इमारती पत्थर के व्यवसायी भी लाभान्वित होंगे।